# समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे पं. उपाध्याय

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद जनसमुदाय को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता


**भोपाल, 11 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जब विश्व में सभी ओर साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं का प्रभाव था, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद और अंत्योदय की कल्याणकारी दृष्टि प्रदान की.**

यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को निरंतरता प्रदान करने का प्रभावी प्रयास था. पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता तथा समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. दीनदायल उपाध्याय की प्रतिमा के निकट विकसित नमो वन का अवलोकन कर रुद्राक्ष का पौधा




रोपा. इस दौरान उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक, संगठनकर्ता और भारतीय जनसंघ के सह संस्थापक रहे. दीनदयाल जी का विचार था कि स्वतंत्रता तभी सार्थक होती है, जब वो हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति का साधन बने. उनके विचारों ने समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में उजास लाने का मार्ग प्रशस्त किया. दीनदयाल जी के विचार भारतीय मानस को सशक्त राष्ट्र और समाज के निर्माण के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गरीब-किसान-युवा और महिलाओं कल्याण के साथ सभी को प्रगति के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर सक्रिय है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में देश का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर केश शिल्पियों को उपलब्ध कराई जा रही किट उनके अंत्योदय के विचारों को व्यावहारिक रूप देने का सार्थक प्रयास है.



# 13 फरवरी के बाद रात में बढ़ सकती है ठंड

**भोपाल, 11 फरवरी. मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम का दोहरा प्रभाव देखने को मिल रहा है. दिन में तेज धूप के कारण तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है, जबकि रात और सुबह के समय ठंड अब भी बनी हुई है.**

मंगलवार को भोपाल और इंदौर समेत 15 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया. वहीं 11 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा. नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म और कल्याणपुर सबसे ठंडा स्थान रहा. मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल देश में दो मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं, लेकिन उनकी स्थिति कमजोर होने के कारण प्रदेश में वर्षा की संभावना कम है. हालांकि 13 फरवरी और 16 फरवरी से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में दो नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकते हैं. इनके प्रभाव से मध्य प्रदेश में दिन और रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड में दोबारा बढ़ोतरी होने की संभावना है.

> मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी पवनों में ट्रफ के रूप में समुद्र तल से लगभग 5.8 किमी ऊंचाई पर 77ए पूर्व देशांतर के आसपास और 30ए उत्तर अक्षांश के उत्तर में स्थित है. वहीं पूर्वोत्तर भारत के ऊपर 12.6 किमी की ऊंचाई पर लगभग 241 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ, हालांकि भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल, रीवा और सागर संभागों में तापमान सामान्य से 1.8 से 2.6 डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया

## एक नजर में

### बजट सत्र में वित्तीय प्रबंधन का मुद्दा उठाएगी कांग्रेस

भोपाल. आगामी 16 फरवरी से शुरु होने जा रहे मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बुधवार को कहा कि सत्र में कांग्रेस राज्य सरकार द्वारा बार-बार लिए कर्ज और प्रदेश के वित्तीय प्रबंधन का मुद्दा उठाएगी. सिंघार ने सोशल मीडिया पर कहा कि बजट सत्र से ठीक पहले मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक सप्ताह में दूसरी बार 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया जाना अत्यंत गंभीर विषय है. चालू वित्त वर्ष में अब तक 67,300 करोड़ रुपये की उधारी और 36 बार कर्ज लिया जाना राज्य की वित्तीय स्थिति पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है.

### संत समाज की आंदोलन की चेतावनी

**भिंड.** नेशनल हाईवे-719 पर लगातार हो रहे हादसों और इस बजट में भी इसके लिए कोई प्रावधान नहीं होने को लेकर संत समाज ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है. दरअसल मंगलवार को इस संबंध में कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना से प्रेस कांफ्रेंस में सवाल किया गया तो वे भड़क गए. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस बीच में ही छोड़ दी और बिना जवाब दिए चले गए. इसके बाद अब संत समाज ने इस मामले को लेकर आंदोलन की चेतावनी दे दी है. आरोप है कि केंद्र सरकार के बजट में इस बार भी इस ग्वालियर-भिण्ड हाईवे को नजरअंदाज किया गया है, जिससे संत समाज और आस-पास के ग्रामीणों में नाराजगी है.

# संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो हो सकती है कार्रवाई

### कांग्रेस नेता पुत्रों को नोटिस

**धार, 11 फरवरी. मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर आयोजित कांग्रेस की बूथ स्तरीय बैठक में हंगामे के बाद मामले में प्रदेश संगठन ने सख्त रुख अपनाते हुए. बैठक में विरोध प्रदर्शन करने वाले कांग्रेस नेताओं के पुत्रों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है.**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं मध्यप्रदेश की सहप्रभारी उषा नायडू के एक दिवसीय धार दौरे के दौरान यह बैठक आयोजित की गई थी. प्रदेश संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि संबंधित व्यक्ति अनिवार्य रूप से अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें. समय सीमा में जवाब नहीं मिलने अथवा संतोषजनक उत्तर नहीं होने की स्थिति में प्रदेश संगठन बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल होने पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई करेगा. जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें जयवर्धन सिंह गौतम (पुत्र बालमुकुंद सिंह गौतम), अर्पित नगर (पुत्र राकेश नगर), धनंजय थोरात पार्षद (पुत्र अशोकराव थोरात) तथा गजानंद पथरिया (पुत्र जगन्नाथ पथरिया) शामिल हैं.

# बरैया के बयान के बाद मीडिया में दरार

## केंद्रीय नेतृत्व ने संभाला मोर्चा

आशीष कुर्ल

**भोपाल, 11 फरवरी. कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के हालिया विवादित बयान के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस में आंतरिक कलह तेज हो गई है. पार्टी के प्रदेश मीडिया विभाग में इस मुद्दे को लेकर खुली खींचतान सामने आई है.**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय नेतृत्व ने हस्तक्षेप करते हुए मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और मीडिया विभाग के राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त को भोपाल भेजा है.

पार्टी सूत्रों के अनुसार, 20 से अधिक कांग्रेस प्रवक्ताओं ने एक पत्र पर हस्ताक्षर कर आरोप लगाया है कि कुछ साथियों ने टीवी बहसों के दौरान बरैया के



खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा. पत्र में यह भी कथित रूप से कहा गया है कि मीडिया विभाग में 'आरएसएस स्लीपर सेल' सक्रिय हैं, जो पार्टी की विचारधारा के खिलाफ काम कर रहे हैं.

इस सप्ताह असंतुष्ट प्रवक्ताओं के एक समूह ने संजय दत्त से मुलाकात कर अपनी आपत्तियां रखीं, हालांकि बैठक बेनतीजा रही. बुधवार दोपहर दत्त फिर भोपाल पहुंचे और विवाद सुलझाने के प्रयास तेज किए. सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने वरिष्ठ नेताओं को फिलहाल सार्वजनिक बयानबाजी से बचने और संगठन में तनाव कम करने के निर्देश दिए हैं.

# पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त की

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 फरवरी. मध्यप्रदेश पुलिस ने राज्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से अवैध शराब के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई है. इसी क्रम में पिछले सात दिनों के दौरान विभिन्न जिलों में समन्वित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 83 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब और वाहन जब्त किए हैं.**

झाबुआ जिले में 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस ने 293 पेटी अंग्रेजी शराब से भरे एक ट्रक को पकड़ा. जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 55.40 लाख रुपये बताई गई है. मामले में आगे की




जांच जारी है. मुरैना जिले के बामौर थाना पुलिस ने शराब तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 35 पेटी अवैध शराब और एक कार जब्त की. जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 9.60 लाख रुपये आंकी गई है. अशोकनगर में पुलिस ने अवैध कच्ची शराब निर्माण इकाई पर छापा मारकर 500 लीटर शराब और संबंधित सामग्री जब्त की, जिसकी कीमत 8.75 लाख रुपये बताई गई है. एक अन्य कार्रवाई में 8,250 रुपये की शराब भी जब्त की गई.

**जबलपुर** में पुलिस ने देशी और विदेशी शराब के साथ एक वाहन जब्त किया, जिसकी कुल कीमत लगभग 1.02 लाख रुपये आंकी गई

> इंदौर (ग्रामीण) के देपालपुर थाना क्षेत्र में 40 पेटी बीयर और एक कार जब्त कर कुल 6.44 लाख रुपये की कार्रवाई की गई. **ग्वालियर** के पुरानी छावनी थाना पुलिस ने 19 पेटी अवैध शराब और एक वाहन जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपये है. **कटनी** में एक आरोपी को गिरफ्तार कर 35 हजार रुपये की शराब और एक इलेक्ट्रिक स्कूटी जब्त की गई. दतिया के कोतवाली और पंडोखर थाना पुलिस ने क्रमश: 55 हजार और 32 हजार रुपये की अवैध शराब जब्त की.

# निगम सीएम को भेंट करेगा लाभांश की राशि

### निगम के संचालक मंडल की बैठक में लिया निर्णय

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 फरवरी. मप्र लघु उद्योग निगम अपने संचित लाभ में से जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लाभांश के रूप में राशि भेंट करेगा.**

एमएसएमई मंत्री एवं निगम के अध्यक्ष चेतन्य कुमार काश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को निगम के मुख्यालय पंचानन भवन में हुई संचालक मंडल की 294वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया. बैठक में पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण और पालन प्रतिवेदन की पुष्टि की गई. इस दौरान आडिट रिपोर्ट की समीक्षा भी गई. बैठक में निर्णय लिया गया है कि निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए आगामी वित्त वर्ष में बड़ी मात्रा में कार्य आदेश जारी करेगा. संचालक मंडल ने प्रबंध संचालक से कहा है कि वे कर्मचारी चयन मंडल से समन्वय कर प्रबंधक आदि के रिक्त पदों पर भर्ती सुनिश्चित करवाएं. इस दौरान रैंप गतिविधियों की अद्यतन स्थिति से संचालक मंडल को अवगत करवाया गया. इस दौरान निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को मप्र शासन के समान देय यात्रा भत्ता की दरों को लागू किए जाने का भी निर्णय लिया गया. इस दौरान अनेक वर्षों के लेखों का अनुमोदन किया गया.

### लोनिवि के 2 हजार इंजीनियरों की ट्रेनिंग आज

**भोपाल.** लोक निर्माण से लोक कल्याण के विजन को सशक्त आधार देने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग द्वारा निरंतर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 12 फरवरी को भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में मप्र भवन विकास निगम एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें लोनिवि के 2 हजार से अधिक इंजीनियरों और तकनीकी अफसरों को ट्रेनिंग दी जाएगी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे. इस संबंध में जानकारी देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला निर्माण क्षेत्र से जुड़े अभियंताओं एवं तकनीकी अधिकारियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी.

# इंजीनियर को कुचलने दौड़ी जेसीबी

### हत्या की नीयत से किया हमला

### वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने शुरू की जांच

**इंदौर. 11 फरवरी. मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की एरोड्रम साइट पर मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां जेसीबी चालक ने इंजीनियर पर मशीन चढ़ाकर उसकी जान लेने की कोशिश की. अचानक हुए इस जानलेवा हमले में इंजीनियर ने सतर्कता दिखाते हुए पीछे हटकर खुद को बचाया.**

घटना का वीडियो बुधवार को



सामने आने के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई. साइट पर काम को लेकर इंजीनियर और जेसीबी चालक के बीच पहले तीखी बहस हुई. गुस्से में बेकाबू चालक ने जेसीबी आगे बढ़ाई और उसका पंजा सीधे इंजीनियर की ओर घुमा दिया. जान बचाने के लिए इंजीनियर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन आरोपी ने पंजा नीचे गिराकर उसे कुचलने का प्रयास किया. वीडियो में साफ नजर आता है कि इंजीनियर किसी तरह जेसीबी के नीचे से निकलकर पीछे हटता है और भागता है. इसके बावजूद चालक ने दोबारा मशीन उसकी ओर दौड़ा दी. मौके पर मौजूद मजदूरों के शोर मचाने पर जाकर जेसीबी रोकी गई, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई.

## पेज एक का शेष

# 'हरियाखेड़ी' से सिंहस्थ में मिलेगा शुद्ध पेयजल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में आयुर्वेद का धनवंतरी इंस्टीट्यूट खोला जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं और बहनों को रोजगार दिलवाने के लिए रोजगार आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है. उज्जैन के पास रेडीमेड गारमेंट की यूनिट शुरू होने पर बहनों को काम करने का अवसर मिलेगा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ- 2028 में पूरी दुनिया के श्रद्धालु उज्जैन आएंगे. राज्य सरकार इसके लिए सभी तैयारियों को समय रहते हुए पूरा कर रही है. उज्जैन बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की नगरी है. क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे. रामघाट के पास एक छोटा और एक बड़ा पुल बनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि अगले महीने मार्च में उज्जैन में भव्य गीता भवन का लोकार्पण होगा. शीघ्र ही उज्जैन-इंदौर फोर लेन रोड का भूमि-पूजन भी किया जाएगा. उज्जैन भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा होगा. यह सभी कार्य शहर के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होंगे.

### 24 माह में पूरा होगा काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में बताया गया कि हरियाखेड़ी परियोजना को 24 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा. हरियाखेड़ी एवं गंभीर पर 2 नए इंटेक वेल का निर्माण किया जा रहा है. इसके तहत नए जल शोधन संयंत्रों का निर्माण और 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे.

योजना के तहत 708 किमी पाइपलाइन का नया वितरण नेटवर्क विकसित किया जाएगा तथा पुरानी एसीपी पाइपलाइन भी बदली जाएगी. परियोजना से 49 हजार 087 नए घरेलू जल सेवा कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे. हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के तहत सिलारखेड़ी, गंभीर, उंडासा एवं साहिबखेड़ी को मुख्य जल स्रोत के रूप में उपयोग किया जाएगा जिससे सिंहस्थ के दौरान और उसके बाद भी निर्बाध जल आपूर्ति बनी रहे.

# दो प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों में एलएचबी कोच

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 11 फरवरी. रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 22163/22164 भोपाल- खजुराहो- भोपाल महामना एक्सप्रेस तथा 22187/22188 रानी कमलापति-आधारताल-रानी कमलापति एक्सप्रेस की संरचना में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है.**

बेहतर सस्पेंशन प्रणाली, उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक बैठने एवं सोने की व्यवस्था उपलब्ध रहती है, जिससे यात्रा अनुभव बेहतर होता है. भोपाल रेल मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है.

### भोपाल मंडल मार्ग से रीवा-सीएसएमटी स्पेशल जून तक विस्तारित

**भोपाल.** यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल के इटारसी मार्ग से संचालित रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे दोनों दिशाओं में 17-17 ट्रिप बढ़ा दिए गए हैं. पूर्व में 26 फरवरी 2026 तक संचालित होने वाली यह ट्रेन अब रीवा से प्रत्येक गुरुवार 26 जून 2026 तक तथा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से प्रत्येक शुक्रवार 27 जून 2026 तक चलेगी. गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल गुरुवार को रीवा से 15:50 बजे प्रस्थान कर इटारसी 23:20 बजे पहुंचेगी और अगले दिन 12:20 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी.

इन ट्रेनों में अब पुराने आईसीएफ कोचों के स्थान पर आधुनिक एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच लगाए जाएंगे. भोपाल-खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में 15 फरवरी 2026 से एलएचबी कोचों के साथ संचालित होगी, जबकि रानी कमलापति-आधारताल-रानी कमलापति एक्सप्रेस 16 फरवरी 2026 से एलएचबी रेक के साथ चलेगी. एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से सुसज्जित होते हैं. ये कोच अधिक सुरक्षित, झटकों को कम करने वाले, उच्च गति के अनुरूप तथा कम रखरखाव वाले होते हैं. इनमें

## नई नीति | कार्यशाला में आयुक्त नगरीय विकास ने दी जानकारी

# हाउसिंग पॉलिसी बनेगी, 30 दिन में ड्राफ्ट तैयार

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 फरवरी. नगरीय विकास एवं आवास विभाग जल्द ही अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी तैयार करेगा. जिससे कि कम समय में जरुरतमंदों को आवास मिल सके. नई नीति को लेकर 30 दिन के भीतर अंतिम ड्रॉफ्ट तैयार होगा.**

इस संबंध में आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास संकेत भोंडवे ने निर्देश दिए हैं. उन्होंने भोपाल के भौंरी स्थित सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी पर एक



गहन स्टेकहोल्डर परामर्श सत्र में हिस्सा लिया. इस दौरान कार्यशाला को संबोधित करते हुए विभाग की मंशा साफ की. नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भोपाल के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश की आगामी आवास नीति के स्वरूप, भविष्य की रणनीतियों और सामाजिक स्थिरता पर विस्तार से मंथन किया गया. स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल ने किफायती आवास की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर विशेषज्ञ द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया. इस दौरान आयुक्त ने कहा कि विभाग के पास वर्तमान में लगभग 55 लाख प्रॉपर्टी आईडी का विशाल डेटा उपलब्ध है. इस डेटा का उपयोग कर एक सशक्त और साक्ष्य-आधारित हाउसिंग पॉलिसी तैयार की जाएगी.

### सहभागिता और पारदर्शिता पर जोर

भोंडवे ने अपर आयुक्त शिशिर गेमावत को निर्देश दिए कि नीति निर्माण में क्रेडाई जैसे संगठनों के माध्यम से निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि नई नीति में आईटी टूल्स का प्रभावी उपयोग किया जाएगा, जिससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता आए. कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने किफायती आवास के क्षेत्र में वैश्विक और आधुनिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किए. इंडक्टिव सत्र में प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों के आयुक्त, स्मार्ट सिटी के सीईओ और विकास प्राधिकरणों के अध्यक्षों ने अपने व्यावहारिक सुझाव दिए. बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक सीबी. चक्रवर्ती ने विषय से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए.

### ट्रक से जा रही 286 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

**नरसिंहपुर. 11 फरवरी.** जिले के करेली थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है. पुलिस के अनुसार मंगलवार देर रात को एनएच-44 पर एक आयशर ट्रक से 286 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई गई है. जब्त ट्रक की कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है. पुलिस ने इस मामले में सतीश और मनोज यादव को गिरफ्तार किया है. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब नरसिंहपुर से सिलिगुड़ी भेजी जा रही थी. जांच के दौरान ट्रक की नंबर प्लेट और चेचिस नंबर में भिन्नता पाई गई है. पुलिस वाहन के वास्तविक पंजीयन नंबर की जांच कर रही है. तथा मामले की विस्तृत विवेचना जारी है.


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, दीनानाथ कुमार, पिता श्री रामचन्द बैस, उम्र 28 वर्ष, पेशाङ्गनौकरी, जाति बैसवार, निवासी ग्राम लमसरई, पोस्ट लमसरई, थाना गढ़वा, तहसील चितरंगी, जिला सिंगरौली (म.प्र.), शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि– मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।यह कि मैं वर्तमान में भारतीय थल सेना में सैनिक सिपाही के पद पर तथा 105 इंजीनियर रेजिमेंट, यू एल कैंट पंजाब में पदस्थ हूँ। यह कि मेरी पत्नी का सही नाम "Km Poonam" है, जो आधार कार्ड एवं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची में सही दर्ज है, किन्तु पीटीओ (PTO) में त्रुटिवश "Poonam" अंकित हो गया है, जो गलत एवं अशुद्ध प्रविष्टि है।यह कि पीटीओ (PTO) में "Poonam" के स्थान पर सही नाम "Km Poonam" दर्ज किया जाना आवश्यक है।अत: यह शपथ पत्र इस उद्देश्य से प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे संबंधित अभिलेख में आवश्यक संशोधन किया जा सके।

हस्ताक्षर
(दीनानाथ कुमार) शपथकर्ता